# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल की घोषणा

श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग द्वारा आज दिनांक 05.04.2021 को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल की घोषणा की गयी। इस अवसर पर श्री संजय कुमार, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग एवं श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति भी उपस्थित थे। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल को समिति के वेबसाइट http://onlinebseb.in एवं http://results.biharboardonline.com पर जारी किया गया है।

2. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल की यह विशेषता है कि समिति द्वारा आज जारी टॉप 10 की सूची में कुल 101 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है।

3. श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय की Pooja Kumari (रौल कोड– 22050, रौल नं०– 2100030) एवं Shubhdarshni (रौल कोड– 22050, रौल नं०– 2100043) तथा बलदेव हाई स्कूल, दिनारा, रोहतास के Sandeep Kumar (रौल कोड– 74082, रौल नं०– 2101081) ने कुल 484 अंक (96.80%) प्राप्त कर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### परीक्षाफलः एक विवरण

4. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में कुल 16,54,171 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 8,29,278 छात्र तथा 8,24,893 छात्राएँ थे।

5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में कुल 4,13,087 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में, 5,00,615 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 3,78,980 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 में कुल 12,93,054 विद्यार्थी (छात्र– 6,76,518 एवं छात्राएं– 6,16,536) उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत 78.17% है।**

6. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 का आयोजन राज्य के 1,525 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 17 फरवरी, 2021 से 24 फरवरी, 2021 के बीच कदाचारमुक्त, स्वच्छ तथा पूरी कड़ाई के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ था।

7. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 के परीक्षाफल का महत्पूर्ण विश्लेषण निम्नवत् है :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| परीक्षा फॉर्म भरे हुए कुल विद्यार्थियों की संख्या | | | | |
| छात्रों की संख्या | | – | 8,46,625 | |
| छात्राओं की संख्या | | – | 8,37,841 | |
| कुल संख्या | | – | **16,84,466** | |
| परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी | | | | |
| छात्रों की संख्या | | – | 8,29,278 | |
| छात्राओं की संख्या | | – | 8,24,893 | |
| कुल संख्या | | – | **16,54,171** | |
| उत्तीर्ण छात्र | | | | उत्तीर्ण का प्रतिशत |
| प्रथम श्रेणी | छात्र | – | 2,47,496 | |
| | छात्रा | – | 1,65,591 | |
| | कुल | – | **4,13,087** | |
| द्वितीय श्रेणी | छात्र | – | 2,58,713 | |
| | छात्रा | – | 2,41,902 | |
| | कुल | – | **5,00,615** | |
| तृतीय श्रेणी | छात्र | – | 1,70,132 | |
| | छात्रा | – | 2,08,848 | |
| | कुल | – | **3,78,980** | |
| Pass (Compartmental/ Qualifying) | छात्र | – | 177 | |
| | छात्रा | – | 195 | |
| | कुल | – | 372 | |
| कुल उत्तीर्ण | | – | **12,93,054** | **78.17%** |
| कुल उत्तीर्ण छात्र | | – | **6,76,518** | |
| कुल उत्तीर्ण छात्राएँ | | – | **6,16,536** | |
| कुल अनुत्तीर्ण | | – | **3,60,655** | |

08. पिछले वर्षों की तुलना में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 परीक्षाफल का तुलनात्मक विशलेषण :

| परीक्षा में सम्मिलित | वर्ष 2017 | वर्ष 2018 | वर्ष 2019 | वर्ष 2020 | वर्ष 2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल छात्र | **17,23,911** | **17,58,797** | **16,35,070** | **14,94,071** | **16,54,171** |
| छात्र | 8,75,362 | 8,84,621 | 8,08,736 | 7,29,213 | 8,29,278 |
| छात्रा | 8,48,548 | 8,74,176 | 8,26,334 | 7,64,858 | 8,24,893 |
| उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत | 50.12% | 68.89% | 80.73% | 80.59% | 78.17% |

09. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के इतिहास में संभवतः यह पहला अवसर है जब वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का परीक्षाफल इस वर्ष 2021 में 05 अप्रैल को जारी किया गया। इससे पूर्व वर्ष 2019 में समिति द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का परीक्षाफल 06 अप्रैल को जारी किया गया था। समिति द्वारा विगत 09 वर्षों में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के जारी परीक्षाफल की तिथि निम्नवत् हैः–

| वर्ष | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के जारी परीक्षाफल की तिथि |
|---|---|
| 2013 | 05.06.2013 |
| 2014 | 05.06.2014 |
| 2015 | 20.06.2015 |
| 2016 | 29.05.2016 |
| 2017 | 22.06.2017 |
| 2018 | 26.06.2018 |
| 2019 | 06.04.2019 |
| 2020 | 26.05.2020 |
| **2021** | **05.04.2021** |

10. यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में समिति द्वारा अपनी परीक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जिसके फलस्वरूप समिति वर्ष 2019 से लगातार तीसरे वर्ष 2021 में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा की भाँति ही मैट्रिक वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल देश के अन्य परीक्षा बोर्डों की तुलना में पहले प्रकाशित कर रही है। इन तकनीक आधारित सुधारों का ही परिणाम है कि इस वर्ष 2021 में 16.50 लाख से भी अधिक विद्यार्थियों का रिजल्ट मात्र 25 दिनों में प्रकाशित किया गया, जो एक कीर्तिमान है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2021 को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 का आयोजन संपन्न हुआ तथा दिनांक 12 मार्च, 2021 से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ हुआ और लगभग 1.01 करोड़ कॉपियों एवं लगभग 1.01 करोड़ ओ०एम०आर० शीट की जाँच करते हुए रिकार्ड 25 दिनों में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया, जो पूरे देश में एक रिकार्ड है।

11. विदित हो कि समिति द्वारा कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करते हुए वर्ष 2021 की इंटर एवं मैट्रिक की वार्षिक परीक्षाएँ ससमय आयोजित की गयीं, ऐसे में तब जब देश के अन्य राज्य परीक्षा बोर्डों या राष्ट्रीय परीक्षा बोर्डों द्वारा वार्षिक परीक्षाओं का अभी तक आयोजन भी नहीं किया जा सका है। देश में अब कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में कुछ राज्य परीक्षा बोर्डों द्वारा वार्षिक परीक्षाओं को स्थगित भी कर दिया गया है। ऐसे में आज समिति द्वारा देश में सबसे पहले वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2021 का परीक्षाफल जारी किया जाना ऐतिहासिक है तथा राज्य के लाखों विद्यार्थियों के हित में भी है।